श्रीविष्णुस्वामिनं रुद्रो निम्वादित्यं चतुःसनः (क)

निजा सा यथा—

श्रीकृष्णो भगवान् ब्रह्मा नारदो बादरायणः ।
श्रीमध्वः पद्मनाभश्च नृहरिर्माधवश्च सः ॥५॥

श्रीगोविन्द में मनप्राण सर्वस्व अर्पण परायण वैष्णवों को मैं निरन्तर बन्दन करता हूँ जिन की कृपा से मैं हरिराम व्यास, निज सम्प्रदाय पद्धति का वर्णन संक्षेप से कर रहा हूँ ॥३॥

सत् पुरुषों को निज गुरुपरम्परा का निरन्तर स्मरण करना कर्त्तव्य है, कारण, उस के विना ऐकान्तिकी भक्ति सिद्ध नहीं हो सकती है ॥४॥

पद्म पुराण में लिखित है—सम्प्रदाय विहीन मन्त्र समूह निष्फल होते हैं, तज्जन्य कलियुग में चार सम्प्रदाय होंगे। उसके प्रवर्त्तक, श्री, लक्ष्मी, ब्रह्मा, रुद्र, सनकादि वैष्णव सम्प्रदाय होंगे, ये सम्प्रदाय समूह जगत् पावन हैं।

श्रीने सम्प्रदाय प्रवर्त्तक रूप में श्रीरामानुज को श्रीब्रह्माने,-मध्वाचार्य को, रुद्रने विष्णुस्वामी को एवं चतुःसनने निम्वादित्य को अङ्गीकार किया (क)

निज गुरुपरम्परा निम्नोक्त रूप है,-भगवान् श्रीकृष्ण, ब्रह्मा नारद, वेदव्यास, श्रीमध्व, पद्मनाभ, नृहरि, माधव, अक्षोभ्य, जयतीर्थ, ज्ञानसिन्धु, दयानिधि, विद्यानिधि, राजेन्द्र, जयधर्ममुनि,

अक्षोभ्यो जयतीर्थश्च ज्ञानसिन्धुर्दयानिधिः ।
विद्यानिधिश्च राजेन्द्रो जयधर्म्ममुनिस्ततः ॥६॥
पुरुषोत्तमो ब्रह्मण्यो व्यासतीर्थश्च तस्य हि ।
लक्ष्मीपतिस्ततः श्रीमान् माधवेन्द्र यतीश्वरः ॥७॥
ईश्वरस्तस्य माधवो राधाकृष्णप्रियोऽभवत् ।
तस्याहं करुणापात्रं हरिरामाभिधोऽभवमिति ॥८॥

इतिश्रीगुरुप्रणालिकोद्देशः ।

यान्यार्यो नवरत्नानि प्रमेयाण्याह सः प्रभुः ।
श्रीमध्वस्तत्ववादीन्द्रस्तानि मे सम्मतानि हि ॥९॥

तानि यथा—

हरिः परतमः सत्यं जगद्भेदस्तु तात्त्विकः ।
जीवाः श्रीविष्णुदासास्तत्तारतम्यं परस्पर ॥
मुक्तिर्हरिपदप्राप्तिस्तद्धेतु र्भक्तिरुत्तमा ।
प्रत्यक्षादित्रयं मानं वेदवेद्यस्तु माधवः ॥इति॥(क)

पुरुषोत्तम, ब्रह्मण्य, व्यासतीर्थ, श्रीमान् लक्ष्मीपति, यति प्रबर माधवेन्द्र, इनके शिष्य--ईश्वर, एवं माधव थे, उन श्रीमाधव जीका ही शिष्य मैं हरिराम व्यास हूँ। इस प्रकार मेरी गुरुपरम्परा का बर्णन नामतः हुआ ॥५-८॥

तत्त्ववादीन्द्र प्रभु श्रीमन्मध्वाचार्य्य ने जो नव प्रमेय का वर्णन किया है, उक्त प्रमेय समूह को ही मैं मानता हूँ ॥९॥

उक्त प्रमेय निकर इस प्रकार हैं--श्रीहरि ही परतम तत्त्व है, जगत् सत्य है, जीव के साथ ईश्वर का भेद तात्त्विक है, जोवगण श्री कृष्णा के नित्यदास हैं, जीव एवं श्रीहरि में नित्य तारतम्य है, श्रीहरि चरण प्राप्त ही मुक्ति हैं, उसका कारण, उत्तमा भक्ति है। प्रत्यक्ष-अनुमान, श्रुति प्रमाणत्रय है, श्रीमाधव वेद वेद्य हैं, ॥ (क)

तत्र हरेः परतमत्वं:—तथाहि श्वेताश्वतराः पठन्ति—

तमीश्वराणां परमं महेश्वरं तद्दैवतानां परमं च दैवतं।

पतिं पतीनां परमं परस्ताद्विदाम देवं भुवनेशमीड्यम् ॥

आह च भगवान् स्वयं—

मत्तः परतरं नान्यत् किञ्चिदस्ति धनञ्जयेति ॥ (ख)

सहेतुः सच्चिदानन्दो ज्ञानादिगुणवान् विभुः।

राधादिशक्तिको नित्यधामलीलोऽस्त्यतस्तथा ॥१०॥

तत्र तस्य हेतुत्वमुक्तं श्वेताश्वतरे--
सकारणं कारणाधिपाधिपो न तस्य कश्चिज्जनिता नचाधिप इति ॥

स्मृतिश्च—

ईश्वरः परमः कृष्णः सच्चिदानन्दविग्रहः।

अनादिरादिर्गोविन्दः सर्व्वकारणकारणमिति ॥

उन में से प्रथम श्रीहरिका परतमत्व स्थापन करते हैं— श्वेताश्वतर, उपनिषद् में उक्त है—ब्रह्मादि ईश्वरों के ईश्वर, परम महेश्वर, देववृन्दों के परस देवता, पतियों के परमपति, समस्त परम तत्त्व से भी परम तत्त्व, भुवन वन्दनीय, स्तुत्य क्रीड़ाशील परमेश्वर को जानते हैं। श्रीभगवान् ने स्वयं हीं कहा है, हे धनञ्जय ! मुझ से अपर कोई भी वस्तु परतर नहीं है ॥ (ख)

सत् चिदानन्दस्वरूप ज्ञानादि गुणवान् विभु श्रीराधादि शक्ति के सहित नित्यधाम में लीला रत हैं, आप निज बहिरङ्गा शक्ति के द्वारा जगत् का उपादान कारण होते हैं ॥१०॥

हेतुत्व का प्रमाण,--श्वेताश्वतर में हैं—जगत का मूल कारण वह है, कारण समूह के अधिपों के भी आप अधिप हैं, उनका कोई जनक नहीं है, एवं अधिप भी नहीं है। स्मृति ब्रह्म संहिता में भी उक्त है—श्रीकृष्ण,—ईश्वर, परम, सच्चिदानन्द हैं, उन से कोई आदि में नहीं है, आप सबके आदि हैं, आप गोविन्द हैं, और सकल कारणों के कारण हैं।

आनन्दो ब्रह्मेति विजानातीति च आथर्वणिकाश्च ।
तमेवं गोविन्दं सच्चिदानन्दविग्रहं इति ।।(ग)

चिदानन्दस्य मूर्त्तत्वं रागवत् प्रतिभाति तत् ।
विपक्षे कोपमध्येति श्रुतिरित्याह सद्गुरुः ।।११।।
देह–देहिभिदा नास्तीत्यपि सुष्ठु प्रदर्शितम् ।

अथ ज्ञानादिगुणत्वं--तथा ह्याथर्वणिकाः पठन्ति । यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्य ज्ञानमयं तप इति। तैत्तिरीयाश्च--आनन्दं ब्रह्मणो विद्वान्न विभेति कुतश्चनेति । शरण्यत्वसौहार्द्दाद्यश्च श्वेताश्वतरैः पठिताः । सर्व्वस्य शरणं सुहृदिति ।।

गुणिनो न गुणा भिन्नाः श्रुतिस्मृतिविनिश्चयात् ।१२।

आथर्वण श्रुति कहती है—आनन्द ब्रह्म को जानती हूँ, उन सच्चिदानन्द गोविन्द का ध्यान करती हूं ।।(ग)

सच्चिदानन्द ब्रह्मका विग्रह, सङ्गीत के रागादि में मूर्त्ति का साक्षात्कार जिस प्रकार होता है, उस प्रकार सच्चिदानन्द वस्तु भी मूर्त्त हैं, उसका अनुभव भी होता है। भक्ति का अभाव होने से मूर्त्ति का अनुभव नहीं होता है, यह ही श्रुति सिद्धान्त है, अन्यथा श्रुति सिद्धान्त की हानि होगी । यह अभिमत श्रीमन्मध्वाचार्य पाद का है ।।११।।

श्रीहरि के शरीर में देह देही भेद मायिक शरीर के समान नहीं है, इसका प्रदर्शन भी उत्तम रूप से हुआ है।

सम्प्रति ज्ञानादि गुणवत्ता को कहते हैं। आथर्वण श्रुति में उक्त है,—जो सर्वज्ञ, सर्ववित् हैं, जिनका ज्ञानमयतपः है, तैत्तिरीयक उपनिषद् में उक्त है—आनन्दमय ब्रह्म को जानकर भयमुक्त होता है। श्वेताश्वतर में सौहार्द–शरण्यत्व गुण का उल्लेख भी है। ब्रह्म सबके शरण्य, एवं सुहृत् हैं। श्रुतिस्मृति का निश्चय है कि–गुणी से गुण समूह भिन्न नहीं हैं ।।१२।।

तथाहि कठाः पठन्तिः--

यथोदकं दुर्गे वृष्टं पर्वतेषु विधावति ॥

एवं धर्म्मान् पृथक् पश्यंस्तानेवानुविधावति ॥इति॥ (घ)

श्रुत्यन्तरे च—

ब्रह्मणस्तद्गुणानाश्च भेददर्श्यधमं तमः ॥

भेदाभेदप्रदर्शी तु मध्यमं तु तमो व्रजेदिति ॥

एवमेवाह ब्रह्मा—

गुणात्मनस्तेऽपि गुणान्विमातुं हितावतीर्णस्य क ईशिरेऽस्येति ।

श्रीपराशरश्च—

अनन्तकल्याणगुणात्मकोऽसौ स्वशक्तिलेशाद्भृतभूतसर्ग इति ॥ (ङ)

हरेर्देहो गुणाश्चेति भेदोक्तिर्यापि दृश्यते ।

राहुमूर्द्धवदेवासौ मन्तव्या तत्त्ववादिभिः ॥१३॥

कठोपनिषद् में उक्त है, जिस प्रकार वर्षा का जल उन्नत प्रदेश से निम्नतर प्रदेश में जाता है, उस प्रकार गुण समूह को ईश्वर से पृथक् देखने से द्रष्टा अधोगामी होता है, (घ)

श्रुत्यन्तर में लिखित है,--ब्रह्म एवं उनके गुणों को उनसे पृथक् देखने से अधमतम नरक की प्राप्ति होती है, तथा भेदाभेद देखने से मध्यमतम नरक की प्राप्ति होती है।

श्रीब्रह्मा ने भी ऐसा ही कहा है। आप निखिल कल्याणगुण गण रत्नाकर हैं, जगज्जनों के हित के निमित्त आप अवतीर्ण होते हैं, आप के गुण समूहों का निर्णय करने में कौन समर्थ होगा।

श्रीपराशर जीने कहा--

श्रीहरि, अनन्त कल्याणगुण रत्नाकर हैं, निज शक्ति के लेश मात्र से ही समस्त सृष्टि को धारण करते हैं ॥(ङ)

श्रीहरि एवं उनके गुण समूहों के विषय में जो भी भेदोक्ति देखने में आती है, वह राहु एवं उसके शिर के समान जानना होगा ॥१३॥

एवमाह भगवान् पतञ्जलिः—शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्प इति। उदाहरतिभाष्यकारः-चैतन्यं ब्रह्मणः स्वरूपमिति ॥(च

अथ विभुत्वं--तथाहि कठाः पठन्ति।

तैत्तिरीयाश्च—

यच्च किञ्चिज्जगत्सर्वं दृश्यते श्रूयतेऽपि वा।
अन्तर्वहिश्च तत्सर्वं व्याप्य नारायणः स्थितः इति ॥(छ)

अथ राधादिशक्तिकत्वं—तथाहि ऋक्परिशिष्टश्रुतिः "राधया माधवो देवो माधवेनैव राधिका। विभ्राजते जनेष्विति" पुरुषबोधिन्यामथर्वोपनिषदि च:—गोकुलाख्ये माथुरमण्डल इत्युपक्रम्य द्वेपार्श्वे चन्द्रावली राधिका चेति उत्तरत्र तस्याद्या प्रकृती राधिका नित्या निर्गुणा सर्वालङ्कारशोभिताशेषलावण्य सुन्दरीत्यादि।

परात्मिका पराशक्तिर्या श्रुत्यादिषु पठ्यते।
ह्लादिन्यादिस्वरूपा सा राधिकेति विदुर्बुधाः ॥१४॥

भगवान पतञ्जलि ने भी उस प्रकार कहा है, शब्द ज्ञान के अनुसरणकारी वस्तु शून्य विकल्प है, भाष्यकारने इस का उदाहरण में कहा है,--ब्रह्म का स्वरूप चैतन्य है ॥ (च)

अनन्तर विभुत्व के विषय में कहते हैं--कठोपनिषत् में उक्त है-महान् विभु आत्मा को जानकर धीर व्यक्ति शोकग्रस्त नहीं होता है। तैतिरीयक में कथित है--इस जगत् में जो भी वस्तु देखने शुनने में आती है, उसके अन्तर बाहर श्रीनारायण व्याप्त होकर रहते हैं (छ

अनन्तर श्रीराधादि शक्ति का वर्णन करते हैं, ऋक्परिशिष्ट श्रुति इस प्रकार है -राधा के सहित माधव, एवं माधव के सहित राधा विराजित हैं। पुरुष बोधिनी, अथर्वोपनिषद् में लिखित है। गोकुल नामक मथुरा मण्डल में इस प्रकार कथन का आरम्भ कर-पार्श्वद्वय में चन्द्रावली राधिका हैं, आगे कहा-उनकी आद्याशक्ति श्रीराधिका है, वह नित्या, गुणातीता, सर्वालङ्कार शोभिता अशेष लावण्य सुन्दरी है ॥१४॥

तथाहि श्वेताश्वतराः पठन्ति—परास्य शक्ति र्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया चेति।

स्वाभाविकीति कथिता सा स्वरूपानुबन्धिनी।
ज्ञानेति भण्यते सम्यक् सन्धिनी ह्लादिनीति च ॥१५॥(ज)

श्रीपराशरश्च—

यातीतागोचरा वाचां मनसा च विशेषणा।
ज्ञानिज्ञानपरिच्छेद्यां वन्दे तामीश्वरीं परामिति।
ह्लादिनी संधिनी सम्वित्त्वय्येका सर्वसंश्रये।
ह्लादतापकरी मिश्रा त्वयि नो गुणवर्जिते इति॥

अथोक्तं गौतमीयतन्त्रे श्री भगवता—

सत्वं तत्त्वं परत्वं च तत्त्वत्रयमहं किल।
त्रितत्त्वरूपिणी सापि राधिका मम वल्लभा।
प्रकृतेः पर एवाहं सापि मच्छक्तिरूपिणीति ॥(झ)

श्रुतियों में जिनका वर्णन परात्मिका पराशक्ति रूप में है, बुधगण उन्हें ही ह्लादिन्यादि स्वरूपा राधिका मानते हैं। श्वेताश्वतर उपनिषद् में उक्त है-श्रीहरि की विविध पराशक्तिहै, वह स्वाभाविकी है, ज्ञान, बल, क्रियारूपा है। स्वाभाविकी शब्द का अर्थ स्वरूपानु बन्धिनी जानना होगा, उसे ह्लादिनी, सम्वित् सन्धिनी नाम से जानना होगा ॥१५॥ (ज)

श्रीपराशर जीने कहा है--जो वाणी एवं मन की अगोचरा, ज्ञानियों के ज्ञान से अनुभूता पराशक्ति रूपी ईश्वरी को मैं वन्दन करता हूँ। निखिल तत्त्वों के आश्रय रूप आप में केवल ह्लादिनी सन्धिनी सम्वित् शक्ति है, आप प्राकृत सत्त्व रजः तमोगुण वर्जित है, सत्त्वगुण प्राकृत आनन्द प्रद, रजोगुण,-विक्षेप कारक एवं तमोगुण अप्रकाश कारक प्राकृत गुण समूह आप में नहींहै। वे सब जीव में है।

श्रीगौतमीय तन्त्र में श्रीभगवान् ने कहा है,-मैं सत्त्व, तत्त्व, परत्व, कार्य कारण नियन्ता रूप तत्त्वत्रय रूप जिस प्रकार मैं हूं,

श्रीकृष्णो भगवान् पूर्णः पूर्णा तस्या हि राधिका।

तदुक्तं प्रथमस्कन्धे—

एते चांशकला पुंसः कृष्णस्तु भगवान् स्वयमिति ।

दशम स्कन्धे च—

अष्टमस्तु तयोरासीत्स्वयमेव हरिः किलेति ।

गौतमीये च—

देवी कृष्णमयी प्रोक्ता राधिका परदेवता ।
सर्वलक्ष्मीमयी कान्तिः शक्तिः सम्मोहिनी परेति ॥

वैदूर्य्यवदचिन्त्यत्वादंशित्वांशत्वभाक् स्वयं ॥१६॥

यदुक्तं नारदपञ्चरात्रे—

मणिर्यथा विभागेन नीलपीतादिभिर्युतः ।
रूपभेदमवाप्नोति ध्यानभेदात्तथाच्युत इति ॥(ञ)

उस प्रकार मेरी वल्लभा राधिका भी त्रितत्त्व रूपिणी है, मैं प्रकृत्यतीत हूं, श्रीराधिका भी मेरी शक्ति रूपिणी है ॥ (झ)

स्वयं भगवान् श्रीकृष्ण पूर्ण हैं, उनकी प्रिया राधिका पूर्णा हैं। श्रीमद् भागवत के प्रथमस्कन्ध में उक्त है, उपरि उक्त अवतारगण कारणार्णवशायी पुरुष के अंशकला है, किन्तु श्रीकृष्ण स्वयं भगवान् हैं, दशमस्कन्ध में वर्णित है–वसुदेव देवकी के यहाँ अष्टम बालक रूप में स्वयं श्रीहरि आविर्भूत हुये थे। गौतमीय तन्त्र में लिखित है--पर देवता राधिका देवी,–कृष्णमयी हैं,–सर्वलक्ष्मी, सर्वकान्ति एवं सम्मोहिनी परा शक्ति हैं। वैदुर्य्य मणि के समान अचिन्त्य शक्ति से अंशित्व अंशत्व की प्रतीति उन में स्वयं होती है। (१६)

श्रीनारद पञ्चरात्र में कथित है--

जिस प्रकार मणि,--नीलपीतादि आधार भेद से नील पीतादि रूप धारण करती है, उस प्रकार श्रीअच्युत भी भक्तों के ध्यान भेद से रूप भेद को प्राप्तकरते हैं ॥(ञ)

मूर्त्तिः सार्वत्रिकी तस्य शक्तिव्यक्त्या तदीक्षणं ।।१७।

तथाहि वाजसनेयिनः पठन्ति—

पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमदुच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यतेति ।।

महावाराहे च—

सर्वे नित्याः शाश्वताश्च देहास्तस्य परात्मनः ।
हानोपादानरहिता नैव प्रकृतिजाः क्वचित् ।।
परमानन्दसन्दोहा ज्ञानमात्राश्च सर्वतः ।
सर्वे सर्वगुणैः पूर्णाः सर्वदोषविवर्जिता इति ।।

तदाह यत्र तज्ज्ञः स्याद्विप्रः षट्शास्त्रविद्यया ।
तारतम्यं तथा शक्तिर्व्यक्त्यव्यक्तिकृतं भवेत् ।१८।(ट)

श्रीहरि की मूर्त्ति सर्वत्र अवस्थित है, जव आप निज शक्ति से प्रकट होते हैं, तव उनका दर्शन होता है, ।।१७।। वाजसनेयिगण कहते हैं—श्रीहरि स्वयं पूर्ण हैं. उनका अवतार भी पूर्ण है, अवतारी रूप एवं अवतार रूप उभय ही पूर्ण होते हैं, अवतारीरूप से जो भी अवतार होता है, वह पूर्ण होता है, पूर्ण से पूर्ण ग्रहण करने परभी पूर्ण ही अवशेष रहजाता है ।

महावाराह पुराण में उक्त है । परात्मा श्रीहरि के शरीर समूह, नित्य शाश्वतहैं, क्षय बृद्धि रहितहैं, एवं प्राकृत उपादान से कभी निर्मित नहीं होते हैं । सर्वगुण पूर्ण, सर्व दोष वर्जित, परमानन्द सन्दोह एवं सर्व प्रकार से ज्ञान पूर्ण है । जिस प्रकार षट् शास्त्रविद् पण्डित के व्याख्यान में जव जो विषय प्रकाशित होता, श्रवण कारी व्यक्ति पण्डित को उस विषय का ज्ञाता मानता है । विभिन्न विषयों के श्रोता के समक्ष विभिन्न प्रकार पाण्डित्य से वह पण्डित प्रकाशित होता है, उस प्रकार श्रीहरि में भी प्रकाश का तारतम्य होता है, इस प्रकार प्रकाश का तारतम्य शक्ति प्रकाश के तारतम्य से होता है, शक्ति प्रकाश का तारतम्य भी भक्त गण की योग्यता के तारतम्य से

अथ नित्यधामत्वं--तथाहि छान्दोग्येषु श्रूयते। स भगवः कस्मिन्नुप्रतिष्ठितेति स्वे महिम्नि इति ।। मुण्डके च–दिव्ये पुरे ह्येष संव्योम्न्यात्मा प्रतिष्ठित इति। ऋक्षु च--तां वां वास्तून्युष्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयास। अत्राह--तदुरुगायस्य कृष्णस्य परमं पदमवभाति भूरीति अग्रे स्वमहिमन्यादे धाम्नो नित्यत्वमागतम्।

तथाहि नारदपञ्चरात्रे-जितन्ते स्तोत्रे--

लोकं वैकुण्ठनामानं दिव्यषड्गुण्यसंयुतं।
अवैष्णवानामप्राप्यं गुणत्रयविवर्जितं।।
नित्यसिद्धैः समाकीर्णं तन्मयैः पाञ्चकालिकैः।
सभाप्रासादसंयुक्तं वनैश्चोपवनैः शुभं।
वापीकूपतडागैश्च वृक्षषण्डसुमण्डितं।।
अप्राकृतैः सुरैर्वन्द्यमयुतार्कसमप्रभम्। इत्यादि (ठ)

होता है ।।१८।। (ट)

अनन्तर नित्य धामत्व का वर्णन करते हैं, छान्दोग्य उपनिषत् में कथित है, भगवान् कहाँ निवास करते हैं ? उत्तर–अपनी महिमा में। मुण्डकोपनिषत् में उक्त है,–दिव्य पुर में श्रीविभु भगवान् प्रतिष्ठित हैं। ऋक् में उल्लिखित है–श्रीरामकृष्ण के धाम को जानना चाहते हैं, जहाँ अनेक प्रशस्त शृङ्ग युक्त धेनुवृन्द का निवास है। इस विषय में कहा है–उरुगाय श्रीकृष्ण के अनेक परमधाम विलसित है। इसके पश्चात् स्वमहिमा शब्द से स्वरूप शक्ति में प्रतिष्ठित हैं, बोध होने पर धाम समूह का नित्यत्व प्रतिपादन हुआ।

श्रीनारद पञ्चरात्रस्थित जितन्तस्त्रोत्र में उक्त है। श्रीभगवान् के वैकुण्ठ नामक दिव्य धाम है। वह दिव्य षड़ गुणों से युक्त है, अवैष्णवों को अलभ्य है, सत्त्वादि गुणत्रय से रहित है, नित्य सिद्ध भक्त गण के द्वारा शोभित है। वे सब अभिगमन, उपादान, इज्या, स्वाध्याय, समाधि के द्वारा श्रीप्रभु का भजन करते हैं। वहाँ सभा, प्रासाद, वन, उपवन, मनोहर वापी, कूप, तड़ाग, कल्पतरु समूह है,

यदा प्रादुर्भवत्येष विहर्त्तुं जगति प्रभुः ।
प्रागेव तस्य धामापि तत्र प्राकट्यमश्नुते ॥१९॥
श्रीकृष्णे सच्चिदानन्दे नरदारकता यथा ।
अज्ञैः प्रतीयते तद्वद्धाम्नि प्राकृतता किल ॥२०॥
विपक्षे तु विरोधः स्यात् श्रुत्यादिरिति तद्विदः ॥२१॥

तथा चाथर्वणीश्रुतिः। "तासां मध्ये साक्षात् ब्रह्म गोपालपुरीति। स्मृतिश्च। सहस्रपत्रं कमलं गोकुलाख्यं महत्पदं।
तत्कर्णिकारं तद्धाम तदनन्तांशसंभवमिति। (ङ)

नित्यलीलत्वं चः---एको देवो नित्यलीलानुरक्तो भक्तव्यापी भक्तहृद्यन्तरात्मेति श्रवणात्।

जन्म कर्म्म च मे दिव्यमेवं यो वेत्ति तत्वतः।
त्यक्त्वा देहं पुनर्जन्म नैति मामेति सोऽर्जुन !॥

वह दिव्य सुरगणों से वन्दनीय है, एवं अनन्त सूर्य सदृश कान्ति युक्त है ॥(ठ)

इस मर्त्यलोक में प्रकट होने की इच्छा जब प्रभु की होती है, उसके पूर्व में ही उनके धाम का प्राकट्य होता ॥१९॥

प्राकृत मनुष्य गण श्रीकृष्ण की जिस प्रकार प्राकृत मनुष्य मानते हैं, उस प्रकार उनके धाम को भी प्राकृत लोक प्राकृत मानते हैं ॥२०॥ अज्ञजनों के कथन के सहित श्रुति वाक्य का विरोध है। आथर्वणी श्रुति कहती है-उन सब के मध्य में गोपाल पुरी गोलोक गोकुल साक्षात् ब्रह्म स्वरूप हैं, स्मृति में उक्त है--सहस्र दल कमल के समान सुमहान् स्थान गोकुल है, उसकी कर्णिका में श्रीभगवान् का निवास स्थान है, वह अनन्तांश से प्रतिष्ठित है, एवं बलभद्र जी भी वहाँपर विराजते हैं ॥(ड)

नित्य लीलत्व का वर्णन करते हैं--अद्वय तत्व रूप श्रीभगवान् निरन्तर लीलापरायण हैं, भक्त जनों में ही रहते हैं, एवं भक्तजनों

यावानहं यथाभावो यद्रूपगुणकर्म्मकः ।
तथैव तत्त्वविज्ञानमस्तु ते मदनुग्रहात् इति ।। स्मरणाच्च ।। (ढ)

इति प्रथमरत्ननिर्णयः समाप्तः ।

—***—

❀ द्वितीयरत्ननिर्णयः ❀

—***—

अथ जगत्सत्यत्वं--तथाहि छान्दोग्यादिषु पठ्यते । सदेव सौम्येदमग्र आसीदिति, आत्मा वा इदमग्र आसीदिति ब्रह्म वा इदमग्र आसीदिति च ।

प्रलयेऽपि जगत्सत्स्याद्वनलीनविहङ्गवत् ।
वैराग्यार्थमसत्त्योक्तिरिति प्राहुर्मनीषिणः ।।२२।।

के हृदय तथा अन्तरात्मा हैं। श्रीगीता में उक्त है—मदीय जन्म कर्म समूह को जो वास्तव मानता है, वह शरीर त्याग करने के पश्चात् पुनर्जन्म को प्राप्त नहीं करता है, मुझ को प्राप्त करता है। श्रीभागवत में उक्त है--जिस प्रकार मैं हूँ, भाव भी जिस प्रकार है, गुण एवं कर्म जिस प्रकार है, उसका परिज्ञान यथायथ रूप से मेरे अनुग्रह से तुम्हारा हो ।। (ढ)

—***—

अनन्तर जगत् सत्यत्व का प्रतिपादन करते हैं। छान्दोग्य प्रभृति में उक्त है--हे सौम्य ! यह सृष्टि के पूर्व में भी था, यह आत्मा सब के प्रथम था, ब्रह्म सब के आदि में था।

वन में जिस प्रकार विहङ्ग रहता है, उस प्रकार प्रलय में जगत् ईश्वर में अवस्थान करता है, जगत् को समय समय में असत् कहा जाता है, वह कथन वैराग्य उत्पन्न कराने के निमित्त है। मनीषिगण उस उक्ति का अर्थ वैसा ही जानते हैं ।।२२।।

अतः, उक्तं पराशरेण--

तदेतदक्षयं नित्यं जगन्मुनिवराखिलं ।

आविर्भावतिरोभावजन्मनाशविकारवदिति ।।

भारते च---ब्रह्म सत्यं तपः सत्यं सत्यं चैव प्रजापतिः ।

सत्याद्भूतानि जातानि सत्यं भूतमयं जगदिति ।।

नभो नैल्यादिवद् भाति शुद्धे विश्वस्य ये जगुः ।

निरस्ताः किल ते तस्याविषयत्वादिहेतुभिः ।।२३।।

इति द्वितीयरत्ननिर्णयः समाप्तः ।

—***—

तृतीयरत्ननिर्णयः

—***—

अथ भेदस्य तात्विकत्वं—यथाहि श्वेताश्वतराः पठन्तिः--

द्वासुपर्णा सयुजा सखाया समानवृक्षं परिसस्वजाते ।

तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्योऽभिचाकशीति ।।

अतएव श्रीविष्णु पुराण में श्रीपराशरजीने कहा है,--हे मुनिवर ! अखिल जगत् नित्य अक्षय है, किन्तु आविर्भाव तिरोभाव जन्म नाश विकार युक्त रूप से वह प्रतीत होता है ।

महाभारत में लिखितहै—

ब्रह्म सत्य है, तपः सत्य है, प्रजापति भी सत्य है, सत्य से ही समस्तभूत उत्पन्न हुए हैं, भूतमय जगत् सत्य ही है ।।

मायावादिगण कहते हैं--आकाश की नीलिमादि के समान शुद्ध ब्रह्म में जगत् भासमान है। वह कथन निरस्त हुआ, कारण ब्रह्म इन्द्रिय वेद्य नहीं है ।।२३।।(ण)

—***—

भेद सत्य है---श्वेताश्वतर में उक्त है—एकही देह रूप वृक्ष में जीव ईश्वर रूप पक्षीद्वय सौहार्द्द से निवास करते रहते हैं ।

समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः।
जुष्टं यदा पश्यति अन्यमीशमस्य महिमानमेति वीतशोकः

मुण्डके चः— इति च।

यदा पश्यः पश्यते रुक्मवर्णं कर्त्तारमीशं पुरुषं ब्रह्मयोनिं।
तदा विद्वान् पुण्यपापे विधूय निरञ्जनं परमसाम्यमुपैतीति ॥

काठके चः—

यथोदकं शुद्धे शुद्धमासिक्तं तादृगेव भवति
एवं मुने विजानत आत्मा भवति गौतमेति। गीतायां-इदं ज्ञानमुपाश्रित्येति ॥ (त)

ब्रह्माहमेके जीवोऽस्मिन्नान्ये जीवा न चेश्वरः।
मदविद्याकल्पितास्ते स्युरितीत्थं निराकृतं ॥२४॥

दोनों में से जीवात्मा स्वकृत कर्म फलों का आस्वादन करता है, किन्तु परमात्मा उस में अनासक्त होते हैं, एवं स्वीय स्वरूप शक्ति से महीयान् होकर रहते हैं। और आसक्त होकर जीवात्मा मुग्ध हो जाता है। जीव देहरूप वृक्ष में आसक्त होकर दुःख को प्राप्त करता है, जब वह अपने से भिन्न ईश्वर को देखता है, अर्थात् ध्यान करता है, तब वह समस्त दुःखों से मुक्त हो जाता है, और ईश्वर की महिमा रूप धाम को प्राप्त करता है। जिस समय साधक सुवर्णवर्ण, विश्वस्रष्टा ईश्वर ब्रह्मयोनि पुरुष को देखता है, तब वह पुण्य पापों से मुक्त होकर मुक्त होता है, और निरञ्जन होकर परम समता को प्राप्त करता है।

काठक में उक्त है--जिस प्रकार शुद्ध जल में शुद्ध जल निक्षिप्त होने से पूर्व जल के समान ही निक्षिप्त जल होता है, उसे आत्मज्ञ पुरुष भी परमात्मा की समता को प्राप्त करता है। गीता में भी उक्त है--इस प्रकार ज्ञान प्राप्त कर जीव मेरा समान धर्म को प्राप्त करता है ॥ (त)

मैं ब्रह्म हूँ, जीव-अपर नहीं है, न तो ईश्वर ही है, वे सब ही मेरी अविद्या से ही कल्पित हैं। मायावादिगण का इस प्रकार कथन

नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानामेको बहूनां यो विदधाति कामानिति कठश्रुतेश्च—

एकस्मादीश्वरान्नित्या श्चेतनास्तादृशा मिथः ।
भिद्यन्ते बहवो जीवास्तेन भेदोऽस्ति तात्त्विकः ।।२५।।
मुक्तौ भेदश्रुतेस्तस्य तथात्वे नास्ति संशयः ।
अद्वैतं ब्रह्मणो भिन्नमभिन्नं वा त्वयोच्यते ।।२६।।
आद्ये द्वैतापत्तिरन्त्ये सिद्धसाधनताश्रुतेः ।
तुच्छं स्यान्निर्गुणं वस्तु प्रमाणाविषयत्वतः ।।२७।।
श्रद्धेयं विदुषां नैवेत्याह तत्त्वविदां गुरुः ।
नीरूपस्य विभो र्न स्यात् प्रतिविम्वः कदापि हि ।।२८।

पूर्वोक्ति से खण्डित हुआ ।।२४।।

कठोपनिषद् में उक्त है. परमेश्वर नित्य जीव प्रकृति कालकर्म प्रभृति नित्य वस्तुओं में नित्यत्व चेतन समूहों में चेतनत्व प्रदान करने के साथसाथ एक होकर भी अनेक जीवों की कामनाओं का विधान करते हैं. निज अन्त- करण में स्थित उन परमेश्वर का ध्यान जो धीर व्यक्ति करता है, उसको शाश्वती शान्ति मिलती है, अपर को नहीं एक ईश्वर से नित्य चेतन परस्पर विभिन्न अनेक जीव होते हैं अतएव भेद नित्य है ।।२५।।

मुक्ति में भी भेद सुनिश्चित रूपसे रहता है, इसमें कुछ भी संशय नहीं है, यदि अभेद ही कहा जाय तो, पुछना है कि—वह अद्वैत ब्रह्म से भिन्न है ? अथवा अभिन्न है ? भिन्न होने से अद्वैत तत्त्व ही रहेगा,वह द्वैत हो जायेगा । यदि अद्वैत हो तो सिद्ध साधन ही होगा । ब्रह्म निखिल प्रमाणों का अविषय होने से निर्गुण, अति तुच्छ है, ।।२६-२७।। तत्त्वविद् गुरु श्रीमन्मध्वाचार्य कहते हैं-उक्त सिद्धान्त अश्रद्धेय है । विभु तथा रूप हीन का कोई प्रतिबिम्ब नहीं होता है ।।२८।।

गुणवृत्त्या तु तच्छास्त्रं सङ्गतिं प्रतिपद्यते ।
प्राणैकाधीनवृत्तित्वाद्वागादेः प्राणता यथा ॥२९॥
तथा ब्रह्माधीनवृत्ते र्जगतो ब्रह्मतोच्यते ॥३०॥ (थ)

छान्दोग्ये श्रूयते---"न वै वाचो न चक्षुंषि न श्रोत्राणि न मनांसि इत्याचक्षते प्राण इत्येवाचक्षते प्राणो ह्येवैतानि सर्व्वाणि भवति" ॥

श्रीभागवते:—

द्रव्यं कर्म च कालश्च स्वभावो जीव एव च ।
यदनुग्रहतः सन्ति न सन्ति यदुपेक्षया इति ॥

ब्रह्म व्याप्यत्वतः केचित् तद्ब्रह्म जगतो जगुः ॥३१॥

तथाहि गीतासु—सर्वं समाप्नोषि ततोऽसि सर्व इति । तस्मात्तात्त्विको भेदः । (द)

इति तृतीयरत्ननिर्णयः समाप्तः ।

ब्रह्मसूत्र में इस का सिद्धान्त है, प्रतिबिम्व का कथन गौण वृत्ति से जानना होगा, वाणी प्रभृति को भी प्राण कहते हैं, कारण वे सब प्राण के अधीन हैं ॥२६॥ उसरीति से जगत् को ब्रह्म कहा जाता है, कारण-जगत् ब्रह्माधीन है ॥३०॥

छान्दोग्य श्रुति में वर्णित है—इन्द्रिय समूह प्राणाधीन हैं, वाक् नेत्र, श्रोत्र, मनको पृथक् शब्द से न कहकर उसे प्राण ही कहते हैं, कारण यह समस्त इन्द्रियां प्राण स्वरूप हैं ।

श्रीमद् भागवत में उक्त है—द्रव्य, कर्म, काल, स्वभाव, जीव जिन के अनुग्रह से अवस्थित हैं, और जिनकी उपेक्षा से स्थिति दुर्घट हो जाती है । ब्रह्म का व्याप्य होने से जगत् को ब्रह्म कहते हैं ।३१। गीता में उक्त है—सब में व्याप्त होकर रहने से ही आप को सर्व कहते हैं, अतएव भेद तात्त्विक है ॥ (द)

❀ चतुर्थरत्ननिर्णयः ❀

—❀❀❀—

अथ जीवानां भगवद्दासत्वं । तत्र श्रुतिः—

तमीश्वराणां परमं महेश्वरं इत्याद्या ।

स्मृतिश्च—ब्रह्मा शम्भुस्तथैवार्कः चन्द्रमाश्च शतक्रतुः ।

एवमाद्या तथा चान्ये युक्ता वैष्णवतेजसेत्याद्या ॥

स ब्रह्मकालरुद्राश्च सेन्द्रा देवा महर्षिभिः ।

अर्च्चयन्ति सुरश्रेष्ठं देवं नारायणं हरिमित्याद्याच ॥

एवं प्रकृतिकालौ च तद्दासौ परिकीर्त्तितौ ॥३२॥

तथाहि श्वेताश्वतराः पठन्तिः--

स विश्वकृद्विश्वकृदात्मयोनिर्ज्ञः कालकालो गुणी सर्वविश्वः ।

प्रधानक्षेत्रज्ञपतिर्गुणेशः संसारबन्धस्थितिमोक्षहेतुरिति ॥ (घ)

इति चतुर्थरत्ननिर्णयः समाप्तः ।

जीव समूह भगवद्दास हैं--श्वेताश्वरतर श्रुति में लिखित है- ब्रह्म रुद्र प्रभृति ईश्वरों के परम महेश्वर, इन्द्रादि देवताओं के परम देव-दक्षादि प्रजापतियों के पति सर्वोत्कृष्ट अखिल भुवन के ईश तथा सब की स्तुति के योग्य देव को हम परतत्त्व रूप में प्राप्त करते हैं। स्मृति में उक्त है--ब्रह्मा, शिव, इन्द्र, चन्द्र, प्रभृति देवगण वैष्णव अर्थात् श्रीविष्णु के तेज से प्रकाशित हैं। ब्रह्म, रुद्र, काल, देवगण इन्द्र तथा महर्षिगण सुरश्रेष्ठदेव श्रीनारायण हरि की अर्च्चना करते रहते हैं। इस प्रकार प्रकृति काल भी श्रीहरि के दास हैं ॥३२॥

श्वेताश्वतर में उक्त है--वह श्रीहरि विश्व कर्त्ता हैं, आत्म योनि है, सर्वज्ञ हैं, काल के सञ्चालक हैं, गुणी हैं, समस्त विश्वरूप हैं। प्रधान क्षेत्रज्ञ जीव के पति हैं, गुणों के स्वामी हैं। और संसार बन्ध, स्थिति, मोक्ष के हेतु हैं ॥(घ)

❀ पञ्चमरत्ननिर्णयः ❀

—***—

अथ जीवानां तारतम्यं—

अणु चैतन्यरूपाः स्युर्जीवा ज्ञानादिधर्म्मिणः ।

हृदयस्था गुणान् व्याप्तिस्तेषां देहेषु कीर्त्तितेति ॥३३॥

तथा श्वेताश्वतरैः पठ्यते:—

वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च ॥

भागो जीवः सविज्ञेयः स चानन्त्याय कल्पते ॥

मुण्डके चः—एषोऽणुरात्मा चेतसा वेदितव्यो यस्मिन् प्राणः पञ्चधा विवेशेति । षट्प्रश्नांश्च:--एष हि द्रष्टा श्रोता घ्राता रसयिता मंता बोद्धा कर्त्ता विज्ञानात्मा पुरुष इति । हृदि ह्येष आत्मेति च । श्रीगीतायां—यथा प्रकाशयत्येकः कृत्स्नं लोकमिमं रविः । क्षेत्रंक्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारतेति ॥ आह चैवं भगवान् सूत्रकारः । गुणाद्वा लोकवदिति ॥ नित्याश्च गुणा अविनाशी वा अरे अयमात्मानुच्छित्तिधर्म्मेति बृहदारण्यकात् ।

जीवों में तरतमता ।

जीवगण-अणु परिमाण होते हैं, चैतन्य रूप हैं, ज्ञानादि धर्मी हैं, हृदय में निवास कहते हैं, समस्त देहों में उसके गुणों की व्याप्ति होती है ॥३३॥

श्वेताश्वतर में लिखित हैं--केश के अग्रभाग को शत भाग से विभक्त करने से जिस प्रकार सूक्ष्मता होती है, उस प्रकार सूक्ष्म अंश जीव है, जीव समूह अनन्त होते हैं । मुण्डक में उक्त है--आत्मा अणु परिमित है, चित्त से जानना होगा, जिस को अवलम्बन कर प्राण रहते हैं, यह जीव ही द्रष्टा, श्रोता घ्राण लेने वाला, रसलेने वाला, मन्ता (मननशील) बोद्धा, कर्त्ता एवं विज्ञानात्मा पुरुष है, श्रीगीता में उक्त हैं,--हे भारत ! जिस प्रकार एक रवि जगत् को उद्भासित करता रहता है, उस प्रकार समस्त देह को जीवात्मा

एवं स्वरूपसाम्येऽपि भवेत्साधनभेदतः ।
जीवानां तारतम्यं च बोध्यमत्र परत्र च ।।३४।। (न)

तत्र परतस्तारतम्यमुक्तं छान्दोग्ये—यथा क्रतुरस्मिन् लोके पुरुषो भवति तथेत्य प्रेत्य भवतीति । श्रीगीतासु च ये यथा मां प्रपद्यन्ते तां स्तथैव भजाम्यहं-इति ।

शान्त्यादिरतिपर्यन्ता भावाः पञ्चैव ये स्मृता ।
तैः कृष्णं भजतां विज्ञैस्तारतम्यं मिथो मतम् ।३५। (प)

इति पञ्चमरत्ननिर्णयः समाप्तः ।

प्रकाशित करता है ।

वेदान्तसूत्रकार भगवान् श्रीव्यास देव ने कहा है--गुणाद् वा लोकवत् ।। २।३।२४। जिस प्रकार प्रदीप निज प्रकाश से समस्त गृह को आलोकित करता है, उस प्रकार जीवात्मा भी निज चैतन्य गुणों से समस्त देह को चेतन करता है । वाजसनेयिगण कहते हैं--गुण समूह उनके नित्य हैं, अरे मैत्रेयि ! यह आत्मा अविनाशी है, और जो ज्ञानादि चैतन्यगुणधर्म है, वह भी उच्छेद नाश से रहित है ।

जीवों में स्वरूप गत साम्य होने से भी साधन भेद से परस्पर जीवों में भेद होता है । यह नियम इस जगत् में एवं पर जगत् में समान रूप से रहता है ।।३४।।

तारतम्य की वार्त्ता चान्दोग्योपनिषद् में है । जीव जिस प्रकार संकल्प कर तदनुरूप साधन करता है, उस साधन के अनुरूप फल प्राप्त करता है । श्रीगीता में भी उक्त है--जो जिस प्रकार मेरा भजन करता है, मैं भी उसी प्रकार उसका भजन करता हूँ । शान्त दास्य सख्य वात्सल्य मधुर भाव से श्रीकृष्ण का भजन होता है, इस प्रकार भाव भेद से परस्पर जीवों में तारतम्य होताहै ।३५। (प)

षष्ठरत्ननिर्णयः

—✽✽✽—

हरिपदप्राप्तिलक्षणा मुक्तिः ! तथाहि श्वेताश्वतराः पठन्ति–

ज्ञात्वा देवं सर्वपाशापहानिः क्षीणैः क्लेशैः जन्ममृत्युप्रहाणिः।
तस्याभिधानात्तृतीयं देहभेदे विश्वैश्वर्य्यकेवलमाप्तकामः॥

तृतीयं वैष्णवं ह्येतच्चांद्रब्राह्माद्यपेक्षया।
केवलं तद्विशुद्धं स्यादित्याहु र्वेदवादिनः॥३६॥

श्रीभागवते चः—

पिवन्ति ये भगवत आत्मनः सतां कथामृतं श्रवणपुटेषु संभृतं।
पुनन्ति ते विषयविदूषिताशयं व्रजन्ति तच्चरणसरोरुहान्तिकम्॥

भवेत्परपदप्राप्ति र्द्दासानामर्च्चिरादिभिः।
आर्त्तानां हरिणैवेति निश्चितं तत्ववादिभिः।३७।(फ)

इति षष्ठरत्ननिर्णयः समाप्तः।

श्रीहरि पद प्राप्ति रूपा मुक्ति—

श्वेताश्वतर में उक्त है—श्रीहरि को जानलेने पर समस्त बन्धन नष्ट हो जाते हैं, अविद्या अस्मिता रागद्वेष अभिनिवेश रूप पञ्च क्लेश नाश होने से जन्म मृत्यु परम्परा नष्ट होती है। श्रीहरि के भजन से लिङ्ग देह नष्ट होता है, एवं अप्राकृत पार्षद देह को प्राप्त कर जीव कृतार्थ होता है।

तृतीय शब्द से वैष्णव पद प्राप्त होता है, वह गति चान्द्र ब्राह्मादि गति से भिन्न गति है, वेदवादिगण को उस से केवल विशुद्ध पार्षद गति मिलती है॥३६॥

श्रीमद् भागवत में कथित है, जो जन परमप्रिय श्रीभगवान् की कथामृत महत्मुख से श्रवण कर श्रवण पुट में धारण करता है, वे सब विषय वासना से अपने को मुक्तकर लेता है, और श्रीप्रभु के चरणारविन्दों के समीप में अवस्थान करता है।

❀ सप्तमरत्ननिर्णयः ❀

—❀❀❀—

अथ भक्तेर्मुक्तिहेतुत्वं—

साधूनां बन्धुवत्सेवा गुरोश्च हरिवत्ततः ।
अवाप्तपञ्चसंस्कारो लब्धद्विविधभक्तिकः ॥३८॥

तत्र साधुसेवा–तथाहि तैत्तिरीये-अतिथिदेवो भव ।

श्रीभागवते चः—

नैषां मतिस्तावदुरुक्रमाङ्घ्रिं स्पृशत्यनर्थापगमो यदर्थः ।
महीयसां पादरजोऽभिषेकं निष्किञ्चनानां न वृणीत यावत् ॥

गुरुसेवा यथा–श्वेताश्वतरश्रुतौः--

यस्य देवे पराभक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ॥इति॥

दास गण की भगवत् प्राप्ति अर्च्चिरादि मार्ग से होती है, आर्त्त भक्तगणों को परपद की प्राप्ति श्रीहरि के द्वारा ही होती है, तत्त्ववादियों का यह निर्णय है ॥३७॥(फ)

—❀❀❀—

भक्ति ही मुक्ति का एकमात्र कारण है। साधुगण की सेवा सद् बन्धु की बुद्धिसे करें। एवं श्रीगुरु देवकी सेवा श्रीहरिबुद्धि से करे, श्रीगुरु देव से पञ्च संस्कार प्राप्त कर द्विविध भक्ति का अधिकारी होता है, वैधी रागानुगा भेद से भक्ति द्विविध हैं ॥३८॥

तैत्तिरीयक उपनिषद् में साधु सेवा का वर्णन है, अतिथि की देवता बुद्धि से सेवा करें।

श्रीमद् भागवत में उक्त है—निष्किञ्चन अर्थात् श्रीहरि में ही जिनका महत्त्व है, इस प्रकार महानुभावों की चरण रेणु से जो जन अपने को अभिषिक्त नहीं करता है, उसकी मति श्रीकृष्ण के श्रीचरण को स्पर्श नहीं करती है, महत्‌गण की चरणधूली से अनर्थ

श्रीभागवते च:--

तस्माद्गुरुं प्रपद्येत जिज्ञासुः श्रेय उत्तमम् ।
शब्दे परे च निष्णातं ब्रह्मण्युपसमाश्रयमिति ।। (व)

गुरोर्लब्धपञ्चसंस्काराः यथा स्मृतौ--

तापः पुण्ड्रं तथा नाम मन्त्रो यागश्च पञ्चमः ।
अमी हि पञ्चसंस्काराः परमैकान्तहेतवः ।।इति।।

तापोऽत्र हरिनामादिमुद्राणामुपलक्षणं ।।३९।।

यथोक्तं स्मृतौ--

हरिनामाक्षरैर्गात्रमङ्कयेच्चन्दनादिभिः ।
स लोकपावनो भूत्वा तस्य लोकमवाप्नुयात् ।।इति।।

हरिपादाकृतिं प्रोक्तमूर्द्धपुण्ड्रं शुभास्पदं ।
नामात्र कथितो विज्ञैर्हरिभृत्यत्वबोधकम् ।।४०।।

अपसारित होता है। श्वेताश्वतर श्रुति में गुरुसेवा का उल्लेख है, जिसकी इष्टदेव में उत्तमभक्ति है, जिस प्रकार देवता में भक्ति है, उस प्रकार ही श्रीगुरुदेव में भक्ति करें। ऐसा करने से ही महात्मा के द्वारा कथित उपदेश का प्रभाव उन पर पड़ता है ।।(व)

श्रीमद् भागवत में कथित है, इसलिए उत्तम श्रेय जिज्ञासु व्यक्ति श्रीगुरुचरणों में शरण ग्रहण करें। किन्तु श्रीगुरु शास्त्रज्ञ अनुभवी एवं आचरण परायण होना एकान्त आवश्यक है ।।(व)

श्रीगुरुदेव से प्राप्त पञ्च संस्कार समूह इस प्रकार स्मृति में वर्णितहै-ताप, पुण्ड्र, नाम, मन्त्र,याग, ये पाँच संस्कार-परमैकान्तिकता अर्थात् भक्ति लाभ के एक मात्र हेतुहै ।

ताप संस्कार का अर्थ—,तप्त शङ्ख चक्रादिमुद्रा धारण है, और इसी संस्कार के कारण चन्दनादि द्वारा श्रीहरि नामादिमुद्रा धारण करना भी उपलक्षित है ।।३९।।

चन्दनादि के द्वारा अपने शरीर में श्रीहरिनामादिमुद्रा धारण करना है, स्मृति में उक्त है,—चन्दनादि के द्वारा श्रीहरिनामादि

मन्त्रोऽष्टादशवर्णश्च षट्वर्णश्च क्रमात्तयोः ।
श्रीकृष्णराधयोरच्चर्चा विधानार्थमुरीकृता ॥४१॥
यागशब्देन कथितं शालग्रामादिपूजनं ॥४२॥

अथ गुरोर्लब्धाद्विविधभक्ति र्यथा--भागवते चः—

तत्र भागवतान् धर्मान् शिक्षेद्गुर्व्वात्मदैवतः ।
अमाययानुवृत्त्या यैस्तुष्येदात्मात्मदो हरिरिति ॥

नवधा भक्तिर्गदिता विधिरुचिपूर्वाथ सा मता सद्भिः ।
यया संप्रसन्नः कृष्णो ददाति तत्तदीप्सितं धाम ॥४३॥

अक्षरों से जो अपने शरीर को अङ्कित किया है, वह समस्त लोक को पवित्र करके श्रीहरि के नित्य धाम को प्राप्त करता है ।

मङ्गलमय हरि पादाकृति तिलक को ऊर्द्ध पुण्ड्र कहते हैं, श्रीहरि के दासत्व बोधक संज्ञा को नाम कहते हैं, ॥४०॥ मन्त्र,- षड़क्षर एवं अष्टादशाक्षर है, यह मन्त्र श्रीराधाकृष्ण की अर्चना हेतु प्रकाशित है ॥४१॥(भ)

याग शब्द का अर्थ—श्रीशालग्रामादि का पूजन है ॥४२॥

श्रीगुरुदेव के समीप वैधीभक्ति एवं रागानुगीय भक्ति प्राप्त करने का संवाद श्रीमद् भागवत में है, लक्षणाक्रान्त गुरु वरण के अनन्तर उनके समीप से भागवत धर्म की शिक्षाकरें, शिक्षण के समय श्रीगुरुदेव को आत्मवत् प्रिय माने, तथा निज देव बुद्धि से देखें। निष्कपट भाव से परिचर्य्या प्रणिपात, जिज्ञासा पूर्वक भागवत धर्म का शिक्षण करने से आत्मा को भी आत्म प्रदान कारी श्रीहरि सन्तुष्ट होते हैं ।

भक्ति नव प्रकार है, उस में भी विधि एवं रुचि, अर्थात् विधि भक्ति एवं रागानुगीय भक्ति भेद से भक्ति द्विविध है । जिस के आचरण से श्रीकृष्ण प्रसन्न होकर निज धाम में निवास करने की योग्यता प्रदान करते हैं ॥४३॥

नवधाभक्तिर्यथा श्रीभागवते--

श्रवणं कीर्त्तनं विष्णोः स्मरणं पादसेवनं ।
अर्च्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मनिवेदनं ।।
इति पुंसार्पिता विष्णोर्भक्तिश्चेन्नवलक्षणा ।
क्रियते भगवत्यद्धा तन्मन्येऽधीतमुत्तममिति ।।(म)

विधिनाभ्यर्चितो देवश्चतुर्बाह्वादिरूपधृक् ।
रुच्यात्मकेन तेनासौ नृलिङ्गः परिपूज्यते।।४४।।

यथा ह्याथर्वणिकैः पठ्यते--

सत्पुण्डरीकनयनं मेघाभं वैद्युताम्वरं ।
द्विभुजं मौनमुद्राढ्यं वनमालिनमीश्वरमिति ।।

तुलस्यश्वत्थविप्रादिसत्कारो धामनिष्ठता ।।४५।।
अरुणोदयविद्धस्तु संत्याज्यो हरिवासरः ।
जन्माष्टम्यादिकं सूर्योदयविद्धं परित्यजेत् ।।४६।।

नवधा भक्तिका विवरण श्रीमद् भागवत में है। श्रवण,कीर्तन स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य, एवं श्रीप्रभु में आत्म निवेदन रूप है। श्रीविष्णु में आत्म समर्पण करके यदि मानव उक्त भक्ति का अनुष्ठान करते हैं. तो उसे उत्तम अध्ययन कहा जायेगा। यह मत श्रीप्रह्लाद जी का है ।।(म)

विधिमार्ग से श्रीहरि का चतुर्बाहु रूप पूज्य होता है, रुचि (रागानुगीय)भक्तिसे श्रीप्रभु के मनुष्य रूप की अर्च्चना होती है. ४४)

आथर्वणिक गण कहते हैं—

मनोहर कमलनयन, नीलनीरद कान्ति पीतवसनधारी, द्विभुज, मौनमुद्रायुक्त, वनमाली कृष्ण का ध्यान करें।

तुलसी, अश्वत्थ, विप्रादि को सम्मान प्रदान करें, एवं श्रीहरि के धाम में निष्ठा रखें ।।(४५) हरिवासर श्रीएकादशी, अरुणोदय विद्धा वर्जन करे, जन्माष्टमी प्रभृति व्रत में सूर्य्योदय विद्धा त्यागकरें।

लोकसंग्रहमन्विच्छन्नित्यनैमित्तिकं चरेत् ।
दशनामापराधांस्तु त्यजेद्विद्वानशेषतः ॥४७॥
कृष्णप्राप्तिफलाभक्तिरुत्तमात्र प्रकीत्तिता ।
ज्ञानवैराग्यपूर्वा सा कृष्णं सद्यः प्रकाशयेत् ॥४८॥(य)

इति सप्तमरत्ननिर्णयः समाप्तः ।

—***—

❀ अष्टमरत्ननिर्णयः ❀

—***—

अथ प्रत्यक्षादि प्रमाणत्रयं--यथोक्तं श्रीभागवते--
श्रुतिः प्रत्यक्षमैतिह्यमनुमानं चतुष्टयमिति ।
प्रत्यक्षेऽन्तर्भवेद्यस्मादैतिह्यं तेन देशिकः ॥४९॥
प्रमाणं त्रिविधं प्राख्यं तत्र मुख्या श्रुतिर्मता ।

मानवों को शिक्षा देने के निमित्त नित्य नैमित्तिक कर्म का अनुष्ठान करे । एवं दशविध नामापराध का वर्जन यत्न पूर्वक करें ॥४६॥

यहाँ पर उत्तमाभक्ति से ही श्रीकृष्ण प्राप्ति होती है, उत्तमा भक्ति का लक्षण श्रीभक्तिरसामृत सिन्धु में इस प्रकार है ॥४७॥

अन्याभिलासिता शून्यं ज्ञानकर्माद्यनावृतम् । आनुकूल्येन कृष्णानुशीलनं भक्तिरुत्तमा । वह भक्ति शास्त्रीय ज्ञानवैराग्य युक्त होने से सत्वर श्रीकृष्णप्राप्ति उस से होती है ॥४८॥ (य)

अनन्तर प्रत्यक्षादिप्रमाण त्रय का वर्णन करते हैं । श्रीमद् भागवत में उक्त है–'श्रुतिः प्रत्यक्षमैतिह्यमनुमानं', चार प्रमाण हैं । प्रत्यक्ष में ऐतिह्य का समावेश होता है, अतः आचार्य्यों ने तीन प्रकार प्रमाण को माना है । मुख्य प्रमाण,—श्रुति है, श्रुति से ही श्रीभगवत्तत्त्व का परिज्ञान होता है ॥४९॥

इस विषय में श्रुति प्रमाण—वेदादि शास्त्र हीन व्यक्ति ब्रह्म

यथावद्भगवत्तत्वं तथा यत्परिचीयते ॥५०॥

तथा च श्रुतिः। नावेदविन्मनुते तं बृहन्तमिति। औपनिषदं पुरुषं पृच्छामीति ॥(र)

इति अष्टमरत्ननिर्णयः समाप्तः।

—*❀*—

❀ नवमरत्ननिर्णयः ❀

—***—

अथ हरेर्वेदवाच्यत्वं--सर्वे वेदा यत्पदमामनन्ति तपांसि सर्वाणि च यद्वदन्ति इति ॥

हरिवंशे च—

वेदे रामायणे चैव पुराणे भारते तथा।
आदावन्ते च मध्ये च हरिः सर्वत्र गीयते ॥

साक्षात् परम्पराभ्यां च सर्वे वेदाः हरिं जगुः।
त्रय्यन्तास्तु जगुः साक्षात्तं परम्परया परे ॥५१॥
क्वचित्क्वचिदवाच्यत्वं श्रुत्यादौ यद्विलोक्यते।
कात्स्न्येन वाच्यं न भवेदिति स्यात्तस्य संगति ॥५२॥

को जानने में समर्थ नहीं होता। हम उपनिषद् प्रतिपाद्य पुरुष को जानना चाहते हैं ॥५०॥

वेद प्रतिपाद्य श्रीहरि हैं। कठ श्रुति—समस्त वेद जिन के चरणकमलों को कहते हैं। तथा तपस्या समूह जिनको प्रकाश करते हैं।

हरिवंश में उक्त है—

वेद, रामायण, पुराण, भारत, के आदि अन्त मध्य में श्रीहरि वर्णित हैं। साक्षात् एवं परम्परा से समस्त वेद श्रीहरि को कहते हैं। उपनिषद् गण साक्षात् रूपसे तथा अन्यशास्त्र समूह परम्परा से वर्णन करते हैं ॥५१॥

शब्दप्रवृत्तिहेतूनां जात्यादीनामभावतः ।
ब्रह्म निर्धर्म्मकं वाच्यं नैवेत्याहु विपश्चितः ॥५३॥

सर्व्वैः शब्दैरवाच्ये तु लक्षणा न भवेदतः ।
लक्ष्यं च न भवेद्धर्म्महीनं ब्रह्मेति मे मतं ॥५४॥(ल)

तस्माद्वृन्दावनाधीशो नन्दसूनुः सराधिकः ।
नित्योऽनन्तगुणः सद्भि संसेव्यो वेदवादिभिः ॥५५॥

इति नवमरत्ननिर्णयः समाप्तः ।

नवरत्नमयीमेतां मालां कण्ठे वहन् बुधः ।
सौन्दर्य्यातिशयात् कृष्णो दृश्यतां प्रतिपद्यते ॥५६॥

सजातीयपरायैषा प्रदेया रत्नमालिका ।
न देया भक्तिहीनाय मर्कटाय कदाचन ॥५७॥(व)

कहीं कहीं पर श्रुति में अवाच्यत्व का वर्णन आता है, उसका तात्पर्य्य यह है कि--भगवान् संपूर्ण रूप से अवाच्य हैं ॥५२॥

विद्वान् गण कहते हैं--ब्रह्म में जात्यादि न होने से शब्द के द्वारा ब्रह्म कथित नहीं है, शब्द—जात्यादि धर्म विशिष्ट को कहता है ॥५३॥

शब्द समूह के द्वारा जो अवाच्य होता है, उस में लक्षणा नहीं होती है, ब्रह्म धर्म हीन हैं। अतः ब्रह्म लक्ष्य नहीं हो सकता है। यह मत मेरा है ॥५४॥(ल)

अतएव श्रीराधिका के सहित श्रीवृन्दावनाधीश नन्दनन्दन सज्जन विज्ञ जनों के पूजनीय हैं, श्रीनन्दनन्दन-अनन्त नित्य अनन्त गुण पूर्ण हैं ॥५५॥

बुधगण नवरत्नमयी इस माला को कण्ठ में धारणकर अतिसुन्दर होता है, और श्रीकृष्ण को देखता है। सजातीय व्यक्ति को इस

इति अनन्यरसिक शिरोमणि

श्रीहरिरामव्यासकृत

श्रीगुरुपरम्परा नवरत्ननिर्णयः समाप्तः

प्राचीनवाक्यं--

आराध्यो भगवान् व्रजेशतनयस्तद्धाम वृन्दावनं ।
रम्या काचिदुपासना व्रजवधूवर्गेण या कल्पिता ।।
शास्त्रं भागवतं प्रमाणममलं प्रेमा पुमर्थो महान् ।
श्रीचैतन्यमहाप्रभोर्म्मतमिदं तत्रादरो नः परः ।।

मालिका प्रदान करें, भक्ति हीन मर्कट को इस का प्रदान कभी भी न करें ।।

इति श्रीअनन्यरसिक शिरोमणि श्रीहरिरामव्यास कृत श्री-गुरुपरम्परा नवरत्ननिर्णयः समाप्तः ।।

शास्त्रिणा हरिदासेन वृन्दारण्यनिवासिना ।
प्रणीता विमला भाषा निर्मत्सरसतांमुदे ।।

१ वेदान्तदर्शनम् "भागवतभाष्योपेतम्" महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन व्यासदेव प्रणीत, ब्रह्मसूत्रों के अकृत्रिम अर्थ स्वरूप श्रीमद्भागवतके पद्यों के द्वारा सूत्रार्थों का समन्वय इसमें मनोरम रूपमें विद्यमान है। ४०.००

२ श्रीनृसिंह चतुर्दशी भक्ताह्लादकारी श्रीनृसिंहदेवकी महिमा, व्रतविधानात्मक अपूर्व ग्रन्थ। ०.५०

३ श्रीसाधनामृतचन्द्रिका गोवर्द्धन निवासी सिद्ध श्रीकृष्ण दास बाबा विरचित रागानुगीय वैष्णव पद्धति। ४.००

४ श्रीसाधनामृतचन्द्रिका (वङ्गला पयार) गोवर्द्धन निवासी सिद्ध श्रीकृष्णदास बाबा के द्वारा सुललित छन्दोवद्ध ग्रन्थ। ४.५०

५ श्रीगौरगोविन्दार्चन पद्धति गोवर्द्धन निवासी सिद्ध श्रीकृष्णदासबाबा विरचित सपरिकर श्रीनन्दनन्दन श्रीभानुनन्दिनी के स्वरूप निर्णयात्मक ग्रन्थ। ३.५०

६ श्रीराधाकृष्णार्चन दीपिका श्रीजीवगोस्वामिपाद कृत श्रीराधासम्वलित श्रीकृष्ण पूजन प्रतिपादन का सर्वादि ग्रन्थ। २.००

७ श्रीगोविन्दलीलामृत (मूल, टीका, अनुवाद सह-१-४सर्ग) श्रीकृष्णदास कविराज कृत रागानुगीय स्मरणाङ्ग निर्वाहक ग्रन्थ। ५.५०

८ ऐश्वर्यकादम्बिनी (मूल अनुवाद) श्रीवलदेव विद्या-भूषण कृत भागवतीय श्रीकृष्णलीलाका क्रमबद्ध ऐश्वर्य मण्डित वर्णन, श्रीवृषभानु महाराज, एवं भानुनन्दिनीका मनोरम वर्णन इसमें है। १.५०

९ संकल्प कल्पद्रुम (सटीक, सानुवाद) श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्तिपाद कृत स्वारसिकी उपासनाका प्रमुख ग्रन्थ। २.००

१० चतुःश्लोकी भाष्यम् (सानुवाद) श्रीनिवासाचार्यप्रभु कृत चतःश्लोकी भागवत की स्वारसिकी व्याख्या। ३.००

११ श्रीकृष्णभजनामृत (सानुवाद) श्रीनरहरिसरकार ठक्कुर कृत अपूर्व धर्मीय संविधानात्मक ग्रन्थ।

१२ श्रीप्रेमसम्पुट (मूल, टीका, अनुबादसह) श्रीविश्वनाथचक्रवर्त्ती कृत भागवतीय रास रहस्यवर्णनात्मक हृदयग्राही ग्रन्थ ४.००

१३ भगवद्भक्तिसार समुच्चय (सानुवाद) श्रीलोकानन्दाचार्य प्रणीत भक्तिरहस्य परिवेषक अनुपम ग्रन्थ। ३.७५

१४ भगवद्भक्तिसार समुच्चय (सानुवाद बङ्गला) श्रीलोकानन्दाचार्य प्रणीत, भक्तिरहस्य प्रकाशक मनोहर ग्रन्थ। ३.००

१५ व्रजरीति चिन्तामणि (मूल, टीका, अनुवाद) श्रीविश्वनाथचक्रवर्त्ति ठक्कुर कृत व्रजसंस्कृति वर्णनात्मक अत्युत्कृष्ट ग्रन्थ। ४.००

१६ श्रीगोविन्दवृन्दावनम् (सानुवाद) बृहद् गौतमीय तन्त्रान्तर्गत श्रीराधारहस्य परिवेषक सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ। १.५०

१७ श्रीराधारस सुधानिधि (मूल बङ्गला) श्रीप्रबोधानन्द सरस्वतीपादकृत श्रीराधा महिमा प्रतिपादक अनुपमेय ग्रन्थ। १.७५

१८ श्रीराधारस सुधानिधि (मूल हिन्दी) ०.६०

१९ श्रीकृष्णभक्ति रत्नप्रकाश (सानुवाद) श्रीराघव पण्डित रचित श्रीकृष्णभक्ति प्रकाशक अनुपम ग्रन्थ। ५.००

२० हरिभक्तिसार संग्रह (सानुवाद) श्रीपुरुषोत्तमशर्म प्रणीत श्रीभागवतीय क्रमबद्ध भक्ति सिद्धान्त संग्रहात्मक ग्रन्थ। १२.००

२१ श्रुतिस्तुति व्याख्या (अन्वय, अनुवाद) श्रीपाद प्रबोधानन्द सरस्वती कृत वेदस्तुति की व्रजलीलात्मक व्याख्या। १४.००

२२ श्रीहरेकृष्ण महामन्त्र "अष्टोत्तरशतसंख्यक" ०.४०

२३ धर्मसग्रह (सानुवाद) श्रीवेदव्यास कृत धर्मसंग्रह श्रीमद्भागवतीय ७म स्कन्ध के अन्तिम ११, १२, १३, १४, १५ अध्यायों का वर्णन। ३,७५

२४ श्रीचैतन्य सूक्ति सुधाकर श्रीचैतन्यचरितामृत, तथा श्रीचैतन्यभागवतीय सूक्तियों का संग्रह। ४.००

२५ सनत् कुमार संहिता (सानुवाद) व्रजीय रागानुगा उपासना प्रतिपादक सुप्राचीन ग्रन्थ। २.५०